Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-04-2022 | अंक 212

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 160 बोड़ा डोडा के साथ चालक गिरफ्तार



जब्त डोडा के साथ एसडीपीओ नाजीर अख्तर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड में स्थित युवराज होटल के समीप से बरही पुलिस प्रशासन ने एसडीपीओ नाजीर अख्तर के नेतृत्व 160 बोड़ा डोडा से लदा ट्रक जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक संख्या RJ 19 GG 3617 में टाटा से डोडा लोड कर बरही की और जा रही है। इस बात की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में बरही हजारीबाग रोड युवराज होटल के पास चेकिंग अभियान चलाकर ट्रक के साथ चालक को भी गिरफ्तार किया गया। ट्रक से कुल 160 बोड़ा डोडा जब्त किया गया जिसका अनुमानित लागत तीस लाख बताया जा रहा है। छापेमारी दल में बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, एसडी पीओ नाजीर अख्तर, बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, बुधराइ हेंब्रम एवं बरही थाना के दर्जनों सशस्त्र बल मौजूद थे।

# तिलैया रोड बरही के एक होटल में छापेमारी कर देह व्यापार धंधा का पुलिस ने किया पर्दाफास

## दो जोड़े की हुई गिरफ्तारी, बोलेरो एवं एक कार भी हुआ जब्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया रोड स्थित होटल राजश्री के ऊपर संचालित होटल जेके इन रेस्टुरेंट में पुलिस ने शनिवार देर रात छापामारी करके वहां चल रहे देह व्यापार के गोरखधंधा का पर्दाफाश किया। छापामारी करते हुए मौके से दो जोड़ों को गिरफ्तार किया है। होटल के पास से बोलेरो व डैटसन गाड़ी की बरामदगी हुई है। डैटसन नम्बर जेएच 01डिटी 8295 व बोलेरो नम्बर जेएच 12एफ 3516 की बरामदगी की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि होटल का संचालन जिन्दर कौर उर्फ गुड्डी कर रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी एवं एएसआई कामेश्वर सिंह पहुंचकर पूरी घटना की छानबीन किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त होटल में देह व्यापार का धंधा चला रहा है। इसी के आधार पर जब उसके होटल में रेड की तो दो जोड़े पकड़े गए। पकड़ी गयी युवती चितरपुर और पथरा मयूरहंड की रहने वाली है। इसके अलावा महुदी चौपारण निवासी अजय कुमार व सामंतों पेट्रोल पंप झुमरीतिलैया निवासी नितेश कुमार की गिरफ्तारी हुई है। बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि मामले में होटल की संच.ालिका पर भी प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बताया कि मामले में अजय कुमार गिरोह का सरगना है। जानकारी के अनुसार इस देह व्यापार के धंधे में एक गिरोह काम करता है। बोलेरो एव कार से लड़कियों को पहुंचाने का काम किया जाता था। हलांकि पुलिस इस मामले में हर पहलुओं पर जांच कर रही है।




इसी होटेल के ऊपर चल रहा था गोरखधंधा




पकड़ा गया कार एवं बोलेरा






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी से पंचायत समिति पद

के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित, युवा उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी



का चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर छाप

क्रम सं. 2

### मत - पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | कपिल प्रसाद केशरी | |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक - बरही पश्चिमी मतदातागण

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी भाग 4 से जिला परिषद पद

के लिए कर्मठ,जुझारू,शिक्षित, युवा, समाजसेवी महिला उम्मीदवार

## श्रीमती कुंती देवी



का चुनाव चिन्ह टेम्पो छाप

क्रम सं. 2

### मत - पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | श्रीमती कुंती देवी | |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक - तापेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता

सिंघरावाँ पंचायत से मुखिया पद के लिए

युवा, योग्य,कर्मठ , संघर्षशील एवं शिक्षित मुखिया प्रत्याशी

## शहजाद खान

चुनाव चिन्ह चक्की छाप

क्र.सं. 12



पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनावें

जनता को है पूरा विश्वास इस बार होगा क्षेत्र का विकास

कोनरा पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातून कोनरा पंचायत के विकास के लिए संकल्पित

पंचायत चुनाव

चुनाव चिन्ह



## सैरा खातून

### संकल्प पत्र

1. वायदे ही नही विकास का इरादा भी हैं।
2. रियाडा से विस्थापित कोनरा के रैयतों को वाजिब हक दिलाऊँगी।
3. शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।
4. सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारगी हमारी पहचान रहेगी।

सैरा खातून ने ठाना हैं कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना हैं।

हम एक हैं

निवेदक कोनरा पंचायत की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






## रसोईया धमना पंचायत के वार्ड संख्या 05 के शिक्षित प्रत्याशी परमेश्वर प्रजापति को चुनाव चिन्ह में मिला गिलास छाप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






बरही के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों जोरों पर है, शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। जिसमे रसोईया धमना पंचायत के वार्ड संख्या 05 के शिक्षित एवं तेज तर्रार प्रत्याशी परमेश्वर प्रजापति को क्रम संख्या 05 गिलास छाप आवंटित किया गया है। इस दौरान उन्होंने अपने वार्ड के वासियों से अपील करते हुए कहा की एक बार हमे सेवा का मोका दे, उन्होंने बताया की वार्ड में नाली निर्माण , साफ सफाई एवं मुखिया द्वारा दिए गए योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाना एवं अपने वार्ड को पंचायत में आदर्श वार्ड बनाना मेरी प्राथमिकता होगी।




## बरही सीओ ने बूथों का किया निरीक्षण, दिया कई दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार शनिवार को बरही प्रखण्ड में निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ अर. विंद देवाशीष टोप्पो ने पं. चमाधव, विजैया, बरसोत, मलकोको के मतदान केंद्रों और कलस्टर प्वाइंटों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान अधिक. ारियों ने उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी और शौचालय को देखा। उन्होंने बुथ व कलस्टर का निरीक्षण कर वहां पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की सुविधाओं, मतदान कर्मियों के बैठने अथवा रहने की व्यवस्था आदि को देखा। जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी दूर करने के लिए संबंधित पंचायत सचिव व कर्मियों को जरूरी निर्देश दिया गया। मालूम हो कि प्रथम चरण में बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा व चलकुशा प्रखंड में 14 मई को मतदान होगा। बरही प्रखण्ड के 263 बूथों पर मतदान होगा। मौके पर शिक्षक अयोध्या प्रजापति, अनूप प्रधान, चालक अता. उल्लाह समेत अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## हेमंत सरकार ओबीसी विरोधी सरकार है : दिनेश कुमार

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण को खत्म करना यह साबित करता है की हेमंत सरकार ओबीसी विरोधी सरकार है। पूरे झारखंड राज्य में 50ः से अधिक आबादी ओबीसी की जनसंख्या है लेकिन झारखंड सरकार ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हम झारखंड सरकार से अपील करते है की ओबीसी आरक्षण के साथ छेड़ छाड़ करना बंद करे और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करे। अन्यथा हम सभी झारखंड सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेंगे।




## पानी पीने को लेकर छात्र को बेरहमी से पीटा छात्र बेहोश

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह सदर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पि. डाटांड़ में सहायक शिक्षक द्वारा छात्र की बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। पिटाई से छात्र घंटो बेहोश पड़ा रहा फिर भी शिक्षक का दिल नही पसीजा। किसी छात्र ने इस घटना की सूचना परिजनो को दिया। घर में छात्र दयानंद शर्मा पिता सीताराम हजाम की मां थी उसका पिता दिहाड़ी मजदूरी करने शहर गया था। मां ने ग्रामिणो के सहयोग से बेहोश पुत्र को पचंबा थाना लाई जहां छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इलाज के बाद छात्र की स्थिति में सुधार हुआ है। छात्र ने बताया कि उसने अपने सहपाठी का पानी पी लिया था जिसको लेकर सहायक शिक्षक रंजीत कुमार वर्मा ने उसे पहले छड़ी से पीटा फिर बाल पकड़कर सिर को तब तक दीवार में पटका जब तक मैं बेहोश ना हो गया।

## पिहरा में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, कई जनप्रतिनिधि हुए सामिल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत के हसन चौक में शनिवार को हसनैन कमिटी के नौजवानों के द्वारा शानदार इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में आसपास के सैंकड़ो रोजेदार एवं जनप्र. निधि सामिल हुए। इस दौरान लोगों ने अपने क्षेत्र, राज्य और देश के लिए अमन चौन की दुआएं मांगी। कहा कि कमिटी के द्वारा हर साल इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में आपसी भाईचारा और मिल्लत बढ़ता है। ऐसे आयोजन में सभी समुदाय के लोग मोहब्बत और इखलास के साथ आपस मे बैठते है और अल्लाह (ईश्वर) से क्षेत्र की खुशहाली एवं शांति व सौ. हार्द के लिए दुआएं मांगते है। मौके पर गावां भाग 01 के निवर्तमान जीप सदस्य इमरान अंसारी, मुखिया मो0 सबदर अली, मा0 आलिम अंसारी, डूब्बु सरफराज अहमद, हाफिज हैदर अली, मोफिज आलम, मो0 यूसुफ, मो0 मुस. तकीम, हाफिज गुलाम सरवर, मो0 सज्जाद, मो0 शहाबुद्दीन, अब्दुल रज्जाक, गुलाम खालिक, वसीम अकरम, मो0 अज़हर, जहांगीर आलम, मो0 जमाल उद्दीन, मो0 इस्लाम मो0 यूनुस, नौशाद आलम आदि सैकड़ों जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन सामिल हुए।

APEM LIVE

## प्रतापपुर के भरही में चीख और चीत्कार में बदल गईं शादी की खुशियां, नहीं पता था शौच के लिए बाहर निकलना दूल्हे को देखना होगा भयानक बरदात

## शादी की खुशी हुई गम में तब्दील,शादी के अगले दिन दूल्हे को अपराधियों ने मारी पेट में चाकू

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**






प्रतापपुररू प्रतापपुर में एक बार फिर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। शादी समारोह अगले दिन रात में बदमाशों ने दूल्हे को चाकू से मारने की कोशिश की। वारदात में दूल्हा घायल हो गया। प्रतापपुर पुलिस ने चाकूबाजी की घटना को लेकर एक्शन मूड में दिखाई दे रही है। प्रतापपुर थाना इलाके के भरही पंचायत के गांव भरही में इस घटना को अंजाम दिया गया। दरअसल बताया जा रहा है कि भरही गांव के मिथलेश कुमार नाम के युवक की शादी कार्यक्रम लगभग संपन्न हो गई थी क्योंकि उस दिन ही लड़का बरात से अपनी दुल्हन को लेकर वापस अपने घर आया था,जहां एक तरफ घर में दुल्हन को आने से परिवार वालों में जश्न का माहौल था। वही दूसरी ओर मिथलेश कुमार पिता देवन. न्दन मिस्त्री पर अपराधियों द्वारा चाकू से हमला करने के बाद घर में चीत्कार मच गया। क्योंकि चाकू से हमला होने से पहले वो अपने सभी परिवार वालों के साथ मिल जुलकर खाना पीना खाने बाद लोग आराम कर रहे थे। उसी बीच मिथलेश कुमार शौच के लिए अपने घर के बगल में मोरहर नदी में गया। जिससे अपराधियों ने अकेला पाकर मिथलेश कुमार पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। वही इस मामले की पूरी जानकारी मिथलेश कुमार से ली गई तो उन्होंने बताया कि हमारा गांव और न किसी अन्य व्यक्ति से कोई झगड़ा नहीं लेकिन फिर भी मुझे समझ नहीं आया कि मुझपर हमला करने वाले कौन लोग थे। क्योंकि जब हम शौच के लिए बैठे थे तो उसी बीच दो अपराधी हमारे करीब आकर बिन कुछ बोले मेरा पेट में चाकू से वार कर दिया जिसके बाद मैं वही पर बेहोसी हालत में धरती पर गिर पड़ा जिसके बाद अपराधी भी हमें मरा हुआ समझ कर मौके से फरार हो गए। जिसके थोड़ी देर बाद मुझे होस आया तो मैं उठा और घर आकर अपनी मां से सारी बात बताई जिसके बाद मुझे आनन फानन में इलाज के लिए ले जाया गया।

### क्या कहते हैं परिवार के सदस्य..... ?

वही मिथलेश कुमार के घर के सदस्यों ने पहले तो उसके ही साथी व दोस्तों पर ही हमला के पीछे दोस्तों का ही हाथ बताया जा रहा था। लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाद मिथलेश कुमार की पत्नी के पास से एक कीपैड फोन बरामद होने के बाद घटना के पीछे दोषी दुल्हन को ठहराया जा रहा है। क्योंकि की मि. थलेश कुमार के परिवार के सभी सदस्यों के बीच यह सवाल बनकर सामने खड़ा हो गया कि। हम सभी परिवार के सदस्यों ने घटना के बाद लगातार दुल्हन से फोन रखने की बात पूछे जाने से लड़की साफ इंकार कर दी जिसके बाद सुबह करीब 10 बजे लड़की के पास से एक फोन बरामद होने से सवालों में घिरी दुल्हन।

### क्या कहती है दुल्हन व उसके परिजन..... ?

जहा एक तरफ दुल्हन के पास से फोन बरामद होने के बाद लगातार सवालों में घिरते दिखाई दे रही थी वही इस मामले को लेकर प्रतापपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार के द्वारा दुल्हन व उसके भाई से पूछे जाने पर बताया कि ये मोबाइल हमारे घर पर ऐसे ही रखा रहता था। इसमें न ही तो कोई सिम रहती थी और न ही किसी से इस मोबाइल से बात होता था। वही दुल्हन ने बताया कि हमारे श्रीगांर बैग में फोन गलती से रखाकर चला आया था। वही इस मामले पर प्रतापपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार से पूछे जाने पर बताया कि इस मामले की जांच सघनता से की जा रही है कारणों का पता लगते ही दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रखण्ड कार्यालय के समीप उमड़ी भीड़

## मुखिया के 32 और वार्ड के लिए 80 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- प्रखण्ड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शनिवार को दिन भर उम्मीदवारों से प्रखण्ड मैदान भरा रहा।शनिवार को सभी उम्मीदवारों ने शुभ दिन देख कर अधिक. ांस लोगो ने नामांकन करवाया।जिसमे शनिवार को मुखिया उम्मीदवार के रूप में कुल 32 एवं वार्ड पार्षद के लिए कुल 80 उम्मीदवारों ने नामांकन करवाया।शनिवार को अब तक हुए नामांकन में सबसे ज्यादा भीड़ रहा।चारु पंचायत से मुखिया के उम्मीदवार मनिका देवी पति राजू सिंह,कल्पना देवी पति गोपाल सिंह,सुरेश यादव,सुरेश सिंह सहित 32 लोगो ने नामांकन करवाया।

APEM LIVE

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# भारतीय जनता पार्टी चतरा नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को लेकर निकाला जन आक्रोश रैली

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





भारतीय जनता पार्टी चतरा नगर परिषद के अंतर्गत बिजली पानी सड़क होल्डिंग टैक्स में बेतहाशा वृद्धि प्रधानमंत्री आवास योजना में एलपीसी मांगना एवं आवाज में पैसा नहीं भेजने के विरुद्ध जन आक्रोश रैली निकाला गया।

चतरा गौरक्षणी से गंदौरी मंदिर जात्राहीबाग जिला परिषद तक पैदल मार्च किया गया। जिसमें सरकार के विरुद्ध नारेबाजी एवं बिजली पानी की अविलंब सुविधा बहाल करने के विषय में नारे उद्घोष करते हुए मेला टांड़ स्थित जिला परिषद के सामने जन सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर चतरा के लोकप्रिय सांसद आदरणीय डॉसुनील कुमार सिंह ने कहा जब से झारखंड सरकार बनी है तब से बिजली एवं पानी की व्यवस्था बहुत ही खराब हो गई।। जहां एक और भीषण गर्मी पड़ रही है पानी का किल्लत है वहीं दूसरी ओर बिजली की भी स्थिति बहुत ही खराब हो गई जबकि झारखंड सरकार के द्वारा दूसरे राज्यों को भी बिजली बेची जा रही है। उन्होंने कहा पानी ऐसा चीज है जिसका कोई विकल्प नहीं है पानी पीने वाला व्यक्ति को केवल पानी ही चाहिए उसके जगह दूध और अनाज देकर के पूर्ति नहीं की जा सकती है। वर्तमान में राज्य सरकार ने केंद्र से अतिरिक्त बिजली की मांग की है जो अभी अप्रैल माह के अंतिम में मांग की गई है जबकि इसका आवंटन मिलते मिलते मई-जून पार हो जाएगा इस समय में इस तरह का मांग झारखंड की सरकार की अदूरदर्शिता प्रद. र्शित करती है माननीय सांसद महोदय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी जिलों में 75 अमृत जलाशय का निर्माण कर जल स्तर में सुधार लाने एवं पानी की कमी को पूर्ति करने का भरसक प्रयास करने के लिए कृत संकल्पित है तथा हर घर नल से जल की योजना पर भी काम कर रही है वैसे मैं केंद्र सरकार इस योजनाओं को धरातल पर ना उतार कर राजनीति करने का प्रयास कर रही है। और बेवजह केंद्र सरकार पर दोषारोपण करती रहती है।। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि नगर में पानी और बिजली की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है जबकि आवास का काम अधूरा पड़ा हुआ है तथा नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों का अधिकार को सीमित कर झारखंड सरकार अफसरशाही को बढ़ावा दे रही है एवं जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का अपमान करने का प्रयास कर रही है आदरणीय पूर्व विधायक जनार्दन पासवान जी ने कहा कि यह सरकार दिशाहीन सरकार है और इसके सारे मंत्री अपने पॉकेट भरने में लगे हुए हैं जनता के काम से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है मंत्री जी ने कहा था कि सरकारी पावर ग्रिड चालू कर जनता को बिजली की समस्या से समाधान कराएंगे पर अभी तक नहीं बिजली का समस्या समाधान नही हुआ है और ना ही हैरऊ डैम का गहरीकरण करके पानी की समस्या का समाधान किया गया है। हेरु डैम का गहरीकरण मृग मरीचिका साबित हुआ है। जबकि बाईपास नहीं बनने से आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है। यह सरकार केवल राजनीति कर रही है इनको जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गुंजा देवी जी ने कहा कि हम लोगों का अधिकार सीमित कर झारखंड सरकार हम लोगों को जनता के बीच जनप्रति. निधियों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है जबकि कई फैसले बिना नगर परिषद बोर्ड की बैठक के ही ले लिए जाते हैं। इन सब मांगों को लेकर एक मांग पत्र महामहिम राज्यपाल को उपायुक्त चतरा द्वारा सौंपी गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य ने किया पूरे कार्यक्रम का देख रेख भाजयुमो जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक केसरी और सह-प्रभारी राजेश पासवान कर रहे थे।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह, विनय सिंह, मिथिलेश गुप्ता, धर्मेंद्र साहू, सुजीत जैसवाल, तिलेश्वर पासवान, मृत्युंजय सिंह, प्रदीप सिंह ,राम. विलास सिंह, परशुराम शर्मा शिवबालक सिंह,सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, निर्भय ठाकुर, अमरनाथ गुप्ता, सरयू राम ,अशोक खंडेलवाल, सुजीत भारती ,उज्जवल दास, नगर प्रभारी सतीश सिंह, सुमन सौरभ, संजय पांडे ,गंगा देवी, मनजीत राणा ,धीरज सिन्हा, अनिरुद्ध मिश्रा,शंकर सोनी, शुभम सिंह , गंदौरी साहू, दीपक शर्मा, विकास मालाकार,जितेंद्र यादव , भेखलाल मुंडा, पवन पांडे चिंटू वर्मा, छोटू कुमार,मनमीत सिन्हा, विजय दांगी, सुबोध कुमार सिंह, अमित कुमार साहू,निर्मल चंद यादव, काली यादव, प्रदीप रावत, शंकर सोनी,विवेक शर्मा, रविस चंद्रा, गोपाल सोनी, कपिल दांगी, देव कुमार सिंह ,जितेंद्र सिंह, अनिल सिंह शिव नाथ पांडे ,प्रदीप महतो, मनोज कुमार कुशवाहा, संजय प्रजापति, रंजय भारती, कन्हैया सिंह, प्रमोद यादव ,प्रदीप दांगी, अमित राम, दुलारचंद साहू, संजीव कुमार सिंह, शिवकुमार, चंदन केसरी, चंदन साहू,मारुति नंदन, प्रदीप ठाकुर, विजय यादव, राजा मालाकार, परमानंद सरस सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों आम नागरिक सम्मिलित हुए।

# विष्णुगढ़ में मुखिया के लिए 99 लोगों ने किया पर्चा दाखिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



मुखिया के लिए नामांकन में अपने समर्थकों के साथ उम्मीदवार

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ में शनिवार को मुखिया पद के लिए 99 लोगों ने नामांकन करवाया जबकि वार्ड सदस्य के लिए 100 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के पांचवे दिन समर्थकों के साथ अपना नामांकन करवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मुखिया के लिए उत्तम कुमार महतो एवं प्रभात कुमार सारुकुदर, रीना देवी खरना, मुनीलाल महतो जोबर, निर्मला देवी खरना, रीता कुमारी गोविंदपुर, शिल्पा देवी गोविंदपुर, आशा देवी गैडा, कुंती देवी गाल्होबार समेत अन्य लोगों ने मुखिया के लिए नामांकन करवाया। वहीं, मुखिया के लिए 16 नामांकन पत्र बिका। वार्ड सदस्य के लिए 143 नामांकन पत्र बिका। नामांकन पत्र खरीदने एवं नामांकन करवाने के लिए विष्णुगढ़ दूरदराज गांवों से काफी संख्या में लोग ढोल नगाड़े एवं मांदर के साथ अपने अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचे थे। यहां आए लोगों में त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर काफी उत्साहित थे।

# पहले चरण के पंचायत समिति सदस्य के चार उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




चतरा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव ने गुरूवार की देर शाम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रेसवार्ता की। मौके पर एसपी राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता व पंचायत राज पदाधिकारी अरूण कुमा एक्का मौजूद थे। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव के पहले चरण में चतरा, कुंदा व प्रतापपुर में चुनाव संपन्न होगा। पहले चरण में पंचायत समिति सदस्य के चार उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। 30 का नामांकन रद हुआ है। इस प्रकार पंचायत समिति से कुल 201 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। मुखिया पद से दो उम्मीदवार का नामांकन रद हुआ है। इस प्रकार 264 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। वही जिप सदस्य से छह उम्मीदवारों का आवेदन रद किया गया है। जबकि 27 चुनावी मैदान में है। वार्ड सदस्य की बात करें, तो कुल 43 उम्मीदवारों का नामांकन रद हुआ है। इस प्रकार यहां 948 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा। बताया कि पहले चरण का चुनाव 14 मई को होगा। जबकि 17 मई को मतो की गिनती होगी। बताया कि मत. पेटियों को जमा करने के लिए 25 काउंटर बनाया गया है। वहीं मतदाताओं को बैनर, पोस्टर व रैली के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। एसपी ने बताया कि 332 लोगों पर धारा 107 की कार. र्वाई की गई है। जबकि गुरुवार तक 235 ला. इसेंस धारी हथियार जमा करवाया गया है। बताया कि पहले चरण की चुनाव को लेकर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है।




# फुटबॉलर व कोच नरसिंह तिर्की के निधन पर जदयू नेता ने जताया गहरा शोक

**अपेम लाइवः ओरिया**



हजारीबाग के मशहूर फुटबॉलर व कोच नरसिंह तिर्की का शनिवार की अहले सुबह आकस्मिक निधन हो गया। इस क्रम में जनता दल युनाइटेड के प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता ने कहा कि पिछले कई महीनों से लगातार अस्वस्थ्य चल रहे थे। नरसिंह तिर्की का संपूर्ण जीवन फुटबॉल को ही समर्पित रहा। हजारीबाग के मशहूर फुटबॉलर होने के साथ संत कोलंबा कॉलेज में गेम कोच के रूप में निर्बाध रूप से सेवारत रहे थे। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी उनके अद्भुत खेल प्रेम और खिलाड़ियों के प्रति असीम जुनून को देखते हुए कई वर्षों तक क०लेज में बतौर कोच रखा गया था। नरसिंग तिर्की खेल के अलावे सामाजिक गति. विधियों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते थे। सादगी और शालीनता समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरक है। अपने संपूर्ण जीवन काल में विवादों से परे रहे और व्यायाम, खेलकूद और मैदान से हमेशा जुड़े रहे। उनका निधन फूटबाल की दुनिया के लिए अपूर्णीय क्षति है। भगवान उनके आत्मा को शांति दे एवं उनके परिवारजन एवं प्रशंसकों को शक्ति दें।

APEM LIVE